**फा.सं.ई-11017/01/2018-हिंदी**
**भारत सरकार**
**नीति आयोग**
**(हिंदी अनुभाग)**

**नीति भवन, संसद मार्ग**
**नई दिल्ली-110001**
**दिनांक: 06.07.2023**

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के खण्ड 4 (i) (ख) तहत वांछित सूचना संबंधी।**

वर्ष 2022-23 के लिए तृतीय पक्ष लेखापरीक्षा जांच के संबंध में वर्ष 2022-23 के लिए हिन्दी अनुभाग, नीति आयोग के संबंध में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के खण्ड 4 (i) (ख) तहत वांछित सूचना आपकी ओर से कार्रवाई हेतु निम्नानुसार प्रेषित है:

| क्र.सं. | शीर्षक | विषय | सूचना |
|---|---|---|---|
| 1. | मैनुअल 1 | हिंदी अनुभाग के कार्य | अनुलग्नक-1 में दी गई है। |
| 2. | मैनुअल 7 | हिंदी अनुभाग के अधिकारियों का कार्य आवंटन | अनुलग्नक-2 में दी गई है। |
| 3. | मैनुअल 17 | केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) का विवरण | सीपीआईओ: श्री नवीन कुमार टोप्पो, सहायक निदेशक (राजभाषा) कमरा सं.437, दूरभाष 011-23042564, ईमेल: navin.toppo@nic.in, एफएए: डॉ. आशीष कुमार पंड़ा, उप सचिव (प्रशासन), कमरा सं. 441, ईमेल: ak.panda85@nic.in |

**(नवीन कुमार टोप्पो)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा)**

**अनुलग्नक** : उपर्युक्त के अनुसार

**आरटीआई प्रकोष्ठ, नीति आयोग**

अनुलग्नक-1

## राजभाषा अनुभाग, नीति आयोग के कर्तव्य और कार्य

**अ) संघ सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन संबंधी कार्य:**

1. विभाग में राजभाषा नीति, राजभाषा अधिनियम, और उसके तहत बने नियमों, राजभाषा हिन्दी के प्रयोग के संबंध में प्रशासनिक निर्देशों आदि का कार्यान्वयन।

2. विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हिन्दी सलाहकार समिति, केन्द्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संसदीय राजभाषा समिति, केन्द्रीय हिन्दी समिति तथा हिन्दी के प्रयोग और प्रचार-प्रसार से संबंधित कार्यान्वयन कार्य।

3. संसदीय राजभाषा समिति द्वारा नीति आयोग/योजना मंत्रालय और इसके अधीनस्थ/संबंद्ध कार्यालयों का निरीक्षण तथा समिति के सुझावों/आश्वासनों पर की गई कार्रवाई से संबंधित कार्य।

4. कार्यालय से संबंधित सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन करना।

5. हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी तिमाही/छमाही प्रगति रिपोर्ट तथा वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट आदि को समेकित कर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को ऑनलाइन भिजवाना।

6. हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्कीमें/प्रोत्साहन योजनाएं लागू करना।

7. हिन्दी दिवस/हिन्दी पखवाड़ा के अवसर पर हिन्दी टिप्पण/आलेखन, निबंध प्रतियोगिता, विभागीय शब्दावली, हिन्दी शब्द सामर्थ्य अनुवाद प्रतियोगिता, राजभाषा हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता, हिन्दी आशुलिपि/टंकण प्रतियोगिता, हिन्दी आशु-भाषण प्रतियोगिता और श्रुतलेखन प्रतियोगिता आदि जैसी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।

8. अधिकारियों/कर्मचारियों से हिन्दी ज्ञान संबंधी जानकारी एकत्र कर हिन्दी शिक्षण योजना-हिन्दी भाषा प्रशिक्षण, हिन्दी आशुलिपि और हिन्दी टंकण प्रशिक्षण के लिए के नामांकन संबंधी कार्य।

9. राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित हिन्दी कार्यशालाओं/सम्मेलनों/कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों को नामित करना।

10. राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रगति पर निगरानी रखना।

11. नीति आयोग/योजना मंत्रालय के सम्बद्ध कार्यालयों और इसके अनुभागों/प्रभागों/वर्टिकलों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण करके समीक्षा करना तथा पाई गई कमियों दूर करने हेतु सुझाव देना।

**ब) अनुवाद कार्य:**

1. नीति आयोग से संबंधित विभिन्न दस्तावेजों का अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद और, विधिक तथा तकनीकी दस्तावेजों का हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य करना।

2. संसद सदस्यों के पत्रों और संसद प्रश्नों, नीति आयोग के सदस्यों से प्राप्त नीतिगत और विविध लेख (आर्टिकल) सहित कार्यालय के अनुभागों/प्रभागों/वर्टिकलों से प्राप्त विभिन्न दस्तावेजों का अनुवाद कार्य।

**नीति आयोग के हिन्दी अनुभाग के कार्य निम्नानुसार हैं:**

**(अ) राजभाषा नीति के संलग्न अनुलग्नक के अनुसार कार्यान्वयन कार्य, और**

**(ब) अनुवाद कार्य: हिन्दी अनुभाग द्वारा निम्नानुसार कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है:**

(1) कैबिनेट नोट; (2) डिटेल डिमांड फॉर ग्रांट्स; (3) ग्राउंड नोट; (4) संसदीय स्थाई समिति की बैठक संबंधी की गई कारवाई रिपोर्ट; (5) भर्ती संबंधी विज्ञप्तियां; (6) उपाध्यक्ष, सदस्य, सीईओ एवं अपर सचिव आदि से प्राप्त विभिन्न आर्टिकल, भाषण, (7) पावर प्वांइट प्रजेंटेशन; (8) शासी परिषद बैठक से संबंधित विभिन्न कार्य; (9) गौशाला रिपोर्ट; (10) मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन से संबंधित विभिन्न कार्य; (11) नीतिवेट का कार्य; (12) एमईजीपी वेब पोर्टल का कार्य; (13) सहायक प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय सम्मेलन; (14) अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष से संबंधित कार्य; (15) सामाजिक समावेशन मिशन कार्य नीतियां; (16) संसद संबंधी प्रश्नोत्तर का अनुवाद; (17) अधिसूचना; (18) आरटीआई (19) भारत में एसडीजी के कार्यान्वयन हेतु तैयार की गई लेखा संबंधी एसडीजी की रिपोर्ट, (20) वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति से संबंधित सामग्री, (21) वीआईपी पत्र, (22) कार्यालय ज्ञापन, (23) आदेश, (24) अर्धशासकीय पत्र; आश्वासन, (25) अनुदान मांग, (26) नीति आयोग की वार्षिक रिपोर्ट, (27) निष्पादन बजट, (28) कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र (29) इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़े दस्तावेजों आदि का अनुवाद कार्य और वेबसाइट संबंधी अनुवाद कार्य।

हिंदी अनुभाग में कार्यरत निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवंटित कार्य तथा उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य विवरण निम्नानुसार हैं:

1. **श्री सूरज प्रकाश बडगूजर, परामर्शदाता - राजभाषा**

**कार्य विवरणः**

(क) राजभाषा नीति के संलग्न अनुलग्नक के अनुसार कार्यान्वयन कार्य कराना और उसकी निगरानी करना।

(ख) अनुवादकों द्वारा किए गए अनुवाद कार्य का पुनरीक्षण कार्य।

2. **श्री नवीन कुमार टोप्पो, सहायक निदेशक - राजभाषा**

**कार्य विवरणः**

(क) राजभाषा नीति के संलग्न अनुलग्नक के अनुसार कार्यान्वयन कार्य कराना और उसकी निगरानी करना।

(ख) अनुवादकों द्वारा किए गए अनुवाद कार्य का पुनरीक्षण कार्य।

**3. श्री राम बाबू, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी**

**कार्य विवरणः**

क) अनुभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा सौंपे गए राजभाषा नीति का कार्यान्वयन कार्य।

ख) **अनुवाद कार्य:** उपर्युक्त (ब) से संबंधित अनुवाद कार्य।

**4. सुश्री नित्या आर., वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी**

**कार्य विवरणः**

क) अनुभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा सौंपे गए राजभाषा नीति का कार्यान्वयन कार्य।

ख) अनुवाद कार्य: उपर्युक्त (ब) से संबंधित अनुवाद कार्य।

**5. श्रीमती तपोजा दत्ता, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी**

**कार्य विवरणः**

क) अनुभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा सौंपे गए राजभाषा नीति का कार्यान्वयन कार्य।

ख) अनुवाद कार्य: उपर्युक्त (ब) से संबंधित अनुवाद कार्य।

**6. श्रीमती सोनिया शर्मा, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी**

**कार्य विवरणः**

क) अनुभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा सौंपे गए राजभाषा नीति का कार्यान्वयन कार्य।

ख) अनुवाद कार्य: उपर्युक्त (ब) से संबंधित अनुवाद कार्य।

**7. श्री अजीत कुमार ठाकुर, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी**

**कार्य विवरणः**

क) अनुभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा सौंपे गए राजभाषा नीति का कार्यान्वयन कार्य।

ख) अनुवाद कार्य: उपर्युक्त (ब) से संबंधित अनुवाद कार्य।

**8. श्री अमन राज, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी**

**कार्य विवरणः**

क) अनुभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा सौंपे गए राजभाषा नीति का कार्यान्वयन कार्य।

ख) अनुवाद कार्य: उपर्युक्त (ब) से संबंधित अनुवाद कार्य।

**9. श्री विनय कुमार, आशुलिपिक 'ग'**

**कार्य विवरणः**

क) अनुभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा सौंपे गए राजभाषा नीति के कार्यान्वयन कार्य से संबंधित आशुलेखन एवं टंकण कार्य।

ख) **टंकण कार्य:** उपर्युक्त (ब) से संबंधित अनुवाद का टंकण और त्रुटिशोधन कार्य।

**10. श्री दीपक बिष्ट, आशुलिपिक 'घ'**

**कार्य विवरणः**

क) अनुभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा सौंपे गए राजभाषा नीति के कार्यान्वयन कार्य से संबंधित आशुलेखन एवं टंकण कार्य।

**ख) टंकण कार्य:** उपर्युक्त (ब) से संबंधित अनुवाद का टंकण और त्रुटिशोधन कार्य।

**11. श्री महावीर, एमटीएस**

**कार्य विवरण:** अनुभाग के अधिकारियों द्वारा सौंपे गए कार्य, पत्र-वाहक कार्य, फाइ़ल-रखरखाव आदि कार्य।

*****